हिंदू- मुस्लिम की झगड़ा को मिटाया... पृष्ठ 2 | खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निषाद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 09 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 229, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## भाजपा सरकार ने किया 11 साल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने च्एक्सज् पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने



लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि च्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओज् कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों (च्लाइव बर्थज्) पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

इनमें महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा, च्हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।

## सीएम साय ने 'चिंतन शिविर' को बताया नीति-निर्माण का सशक्त मंच

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि च्चिंतन शिविर 2.0ज् जैसे प्रशिक्षण सत्र शासन को नया दृष्टिकोण और नीतिनिर्माण प्रक्रिया को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मंत्रीगणों को सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुर सीखने का अवसर मिलता है। आईआईएम रायपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के प्रथम सत्र में मुख्यमंत्री और राज्य के सभी मंत्रीगण शामिल हुए। इस सत्र में च्परिवर्तनकारी नेतृत्वज्, च्दूरदर्शी शासनज्, च्संस्कृतिज्, च्सुशासनज् और च्राष्ट्र निर्माणज् जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने च्परिवर्तनकारी नेतृत्व एवं दूरदर्शी शासनज् विषय पर अपने व्याख्यान में भगवद्गीता के श्लोकों के माध्यम से निष्काम कर्म और नैतिक प्रशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्य केवल फल की आशा से नहीं, बल्कि उसके सही होने के कारण किया जाना चाहिए। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने च्संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माणज् विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा,



च्भारत की एकता केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भी है। राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या संसाधनों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से संभव है।ज्ज् उन्होंने अंत्योदय के महत्व पर बल देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सुशासन की प्राथमिकता बताया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चिंतन शिविर जैसे आयोजन शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं। उन्होंने दोनों विशेषज्ञ वक्ताओं के विचारों को अत्यंत प्रेरणादायक और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेष सचिव रजत बंसल, भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के निदेशक राम काकाणी और सभी मंत्रीगण उपस्थित थे।

## तरंगण 2025 में अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा के बच्चों की राष्ट्रीय स्तर पर शानदार जीत



**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता च्तरंगण 2025ज् में अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा के छात्रों ने अपने हुनर और जोश से सबका दिल जीत लिया। सीनियर वर्ग की वेस्टर्न डांस प्रतियोगिता में स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ को गौरव महसूस कराया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कथक रॉकर्स के मशहूर नृत्य निर्देशक चेतन बोरकर सर द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरपूर था। अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा की टीम की प्रस्तुति में नृत्य की आधुनिकता, तालमेल और आत्मविश्वास साफ़झलक रहा था। उनके प्रदर्शन को जजों और दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन देकर सराहा। टीम का मार्गदर्शन डांस टीचर श्री हरीश साहू सर द्वारा किया गया और उनके साथ सहायक शिक्षिका मिस मेघा तुमरेकी भी छात्र-छात्राओं को सहयोग एवं अनुशासन में सहायक के रूप में उपस्थित रहीं।

**टीम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं:**

तस्कीम खान, अंकिता सोनी, अरिशा खान, आलिया अंजुम, शेख अल्फिया, आयरा नाज़ और रंजना गहलोत ङ्क इन सभी ने अपनी मेहनत और सामूहिक प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्राचार्य श्री सचिन पाल सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे बच्चों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और लगन से किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है। यह पूरे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ ने कहा,हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल और संस्कृति में भागीदारी बच्चों को आत्मविश्वासी और मजबूत बनाती है। अज़ीज़ पब्लिक स्कूल, इंदामारा की इस उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरे जिले में उत्सव का माहौल है।

## शिक्षा न्याय आंदोलन के लिए ब्लॉक मुख्यालय प्रभारी की हुई नियुक्ति

### पंकज बांधव नांदगांव, मदन साहू छुरिया, विपिन यादव डोंगरगढ़ और रमेश खंडेलवाल डोंगरगांव के प्रभारी बने

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने ब्लॉक में मुख्यलियों में आयोजित होने वाले शिक्षा न्याय आंदोलन को सफल बनाने ब्लॉक मुख्यालय प्रभारीयों की नियुक्ति कर दी है। शनिवार को सतनाम भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत रमेश खंडेलवाल को डोंगरगांव, विपिन यादव को डोंगरगढ़, मदन साहू को छुरिया और पंकज बांधव को राजनांदगांव विकासखंड मुख्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री साहू ने बताया कि शिक्षा न्याय आंदोलन के तहत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घेराव का आयोजन जिला राजनांदगांव के प्रत्येक



चार ब्लॉक मुख्यालय में शिक्षा न्याय आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रत्येक ब्लॉक में प्रभार सौपी गई है सभी ब्लॉक मुख्यालय में दिनांक 10 जून 2025, दिन मंगलवार को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपादित होगा। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के सभी अनुवांशिक संगठन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं उनके समस्त पदाधिकारीगण नेतृत्व प्रदान करेंगे।

श्री साहू ने आगे बताया कि आयोजन को सफल बनाने स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक, छाया विधायक एवं प्रदेश व जिला संगठन प्रमुख की संयुक्त नेतृत्व में शिक्षा न्यायलय आंदोलन एवं कार्यालय का घेराव प्रस्तावित है। ब्लॉक राजनांदगांव : नेतृत्वकर्ता :- श्री गिरीश देवांगन जी छाया विधायक, श्री भुनेश्वर बघेल पूर्व विधायक, श्री साहिद भाई जी प्रदेश महामंत्री, श्री पदम कोठारी जी संयुक्त महामंत्री, श्री भागवत साहू जिला अध्यक्ष, श्री कुलबीर छाबड़ा शहर अध्यक्ष, श्री किशन खंडेलवाल पूर्व जिला अध्यक्ष, श्रीमती हेमा देशमुख पूर्व महापौर, श्री जितेन्द्र मुदलियार पूर्व युवा आयोग, श्री अंगेश्वर देशमुख, श्री गोर्वधन देशमुख, श्री अजय मारकण्डे, श्री नरेश डाकलिया पूर्व महापौर, श्री सुदेश देशमुख पूर्व महापौर, श्री दिनेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष, श्री हफीस खान पूर्व सभापति नगर निगम, श्री पप्पू धकेता, श्री रमेश डाकलिया, श्री अल्ताफ आलम, श्री कुतुबुद्दीन सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्षगण-श्री रतन यादव, श्री शेखर वर्मा, श्री रोहित चंद्राकर, श्री आशिफ अली, श्री सूर्यकांत जैन, व अमित चंद्रवंशी, शारदा तिवारी, माया शर्मा, प्रतिमा बंजारे, झम्मन देवांगन, रूबी गरचा, संतोष पिल्ले, राजा तिवारी, मन्ना यादव, रूपेश दूबे, हेम सोनी, जीतू सिन्हा, हनी अग्रेवाली एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण। ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगढ़: नेतृत्वकर्ता :- श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल पूर्व विधायक, श्री धनेश पाटिला, श्री नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, श्री थानेश्वर पटिला पूर्व महामंत्री, श्री प्रदीप शर्मा संयुक्त महामंत्री, श्री भावेश सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष, श्री सुदेश मेश्राम, श्री धीरज मेश्राम, श्रीमती नलीनी मेश्राम, श्रीमती रामक्षत्रिय चंद्रवंशी, श्री गोविंद टंडन, श्री महेश सेन, पुष्पा गौकरण वर्मा, श्री शिशुपाल भारती, श्री अनिल मेश्राम, श्री लोकनाथ भारती, ब्लॉक अध्यक्षगण-श्री विजयराज चौहान, श्री सुरेश सिन्हा, श्री हीरा सोनी एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण । ब्लॉक मुख्यालय छुरिया : नेतृत्वकर्ता :- श्री भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक, श्री प्रकाश यादव, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, श्री चुम्मन साहू, श्री कांती भंडारी, श्री यशवंत तिवारी, श्री प्रकाश शर्मा, श्री नरेश शुक्ला, श्री राहुल तिवारी, श्री तरूण सिन्हा, श्री एकनाथ सिन्हा, ब्लाक अध्यक्षगण - श्री रितेश जैन, श्री राजकुमार सिन्हा, श्री अब्दुल खान, श्री गिरधारी साहू एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण । ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव : नेतृत्वकर्ता :- श्री दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, श्री गुलाब वर्मा, महेन्द्र यादव, श्रीमती विभा साहू, श्री हीरा निषाद, श्री टिकेश साहू, श्रीमती संध्या साहू, श्री सुरेश नाहटा, श्री विरेन्द्र बोरकर, श्री मोहन अय्यर, सुश्री श्रुति शुक्ला,, श्रीमती जमना साहू, श्री बलीराम साहू, श्री रोशन यदु, श्री सूयश नखत, श्रीमती कांती बंजारे, श्री खुमलाल जोशी, ब्लॉक अध्यक्षगण :- श्री गणेश राम साहू एवं समस्त कार्यकर्ता व संगठन प्रमुख पदाधिकारीगण।

## आबकारी विभाग में भाई भतीजा वाद

### आदमी देख तिलक लगा रहा विभाग, ओवर रेट में एक ओर निलंबन, तो दूसरी ओर सिर्फ खानापूर्ति

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य सरकार द्वारा एक ओर जीरो टॉलरेंस के तहत की गई कार्यवाही पर अब सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। इसका साक्षात उदाहरण राजनांदगांव में देखने को मिल रहा है।

आज से लगभग एक माह पूर्व राजनांदगांव में दुर्ग आबकारी फ्लाइंग स्कॉट द्वारा दो शराब भट्टी में दबिश देकर ओवर रेट में शराब बेचने को लेकर कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था। जिसमे 2 कर्मचारियों पर कार्यवाही की गई और 2 कर्मचारियों को दूसरी भट्टी में शिफ्ट किया गया है। वहीं दूसरी ओर जानकारी मिल रही है कि महासमुंद के प्रभारी जिला अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अब सवाल यह उठता है कि जब महासमुंद में ओवर रेट के दौरान प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया है, तो फिर राजनांदगांव के आबकारी अधिकारी को क्यों नहीं किया जा रहा है। आखिर दर्दी को किसका संरक्षण मिल रहा है।

**महासमुंद में की गई कार्यवाही**



**आखिर दर्दी को किसका संरक्षण**

छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय कार्य में अनियमितता, तय दर से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय, स्टॉक में गंभीर कमी और बिक्री राशि में लाखों रुपये की गड़बड़ी के मद्देनज़र महासमुंद जिले के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीश कुमार कोष्टी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार च्जीरो टॉलरेंसज् की नीति के तहत की गई है। निलंबन अवधि में कोष्टी का मुख्यालय आबकारी आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित किया गया है।

**राजनांदगांव में आखिर क्यों नहीं हुई महासमुंद जैसी कार्यवाही**

जी हा अब राजनांदगांव में हुई कार्यवाही पर सवाल उठ रहा है। क्योंकि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार च्जीरो टॉलरेंसज् की नीति के तहत की महासमुंद में कार्यवाही की गई है। तो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा राजनांदगांव जिले को पूरी तरह से छूट दे दी गई है कि इस जिले में जो भी हो रहा है, उस पर नजरअंदाज कर दिया जाए या फिर यहां के बड़े दिग्गज नेता का इस विभाग को खुला संरक्षण दे दिया गया है कि आप जो चाहे वह करो मैं तो यहां हु।

**आखिर किसने लाया दर्दी को**

राजनांदगांव में तत्कालीन कांग्रेस की भूपेश सरकार के समय से ही आबकारी विभाग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ था, उस सिस्टम को ठीक करने जिले में लगातार अधिकारियों को सिस्टम सुधारने भेजा जा रहा था। लेकिन अधिकारियों के खून में जो रचाबसा था वह आज तक चल रहा है। इसी बीच आबकारी श्री राठोर को सिस्टम सुधारने के लिए राजनांदगांव स्पेशली भेजा गया था। लेकिन सिस्टम सुधरने की बजाए और बिगड़ता चला गया। बिगड़ने का कारण भाजपा के कुछ नेताओं का हस्तक्षेप बताया जा रहा है। जिसके चलते सिस्टम पटरी पर नहीं बैठ पाया और उच्च स्तरीय शिकायत कर राठौर को हटाया गया। अब नए अधिकारी दर्दी को राजनांदगांव की कमान सौंपी गई है। उनके आने के बाद भी पुराना ढर्रा जारी है। जिसका उदाहरण राजनांदगांव में ओवर रेट पर बिक रही शराब है। जिस पर एक माह पूर्व की गई कार्यवाही साक्षात उदाहरण है। सिर्फ चेहरे बदले हैं पर काम वैसे ही चल रहा है, जैसा 200 रुपए पेटी के हिसाब से चलता था। सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि 200 रुपए पेटी पीछे को अब 300 रुपए करने की तैयारी चल रही है। यदि ऐसा होता है तो यह मान लिया जाए कि पूरा का पूरा संरक्षण यहां के वट वृक्ष का है।

## ईदगाह में पढ़ी गई ईदुल अजहा की नमाज



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में ईद हर्षो उल्हास के साथ मनाया गया ईदुल अजहा का त्यौहार इस वर्ष सुबह के साढ़े आठ बजे ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई इंतजामियां कमेटी ने ईदगाह में नमाज पढ़ने की सारी इंतजाम पहले से ही करालिया था ताकि नमाज बताई गई टाइम पर अदा किया जा सके डोंगरगांव सहित आसपास क्षेत्र के मुस्लिम भाई ने भी ईदगाह में नमाज अदा किया बाद नमाज इंतजामियां कमेटी के सेकेट्री जनाब बशीर अहम खान ने तमाम लोगों को ईद की मुबारक बाद दिया सदर जनाब रफीक खत्री ने जमा मस्जिद के इमाम आकिब रजा साहब का इस्तकबाल कर नजराना पेश कर मुबारक बाद दिया कब्रिस्तान के सदर जनाब इकबाल तंवर ने नायब इमाम सफ़अत रसूल साहब का इस्तकबाल कर नजराना पेश किया खजांची शमीम अंसारी ने इसहाक तंवर का इस्तकबाल कर नजराना पेश कर मुबारक बाद दिया कमेटी के सभी मेंबरान ने भी सभी नमाजियों को गले मिल कर मुबारक बाद दिया, ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम समाज के सभी लोगों से गले मिलकर ईदुल अजहा का मुबारक बाद दिया ईदगाह में आपसी भाईचारा,सौहाद्र का मिसाल पेश किया जिसमें खान सर महमुदुल हसन,नजीर तंवर,रियाजु सोलंकी,युनुस सिद्दीकी, आरिफ सोलंकी,इरफान बड़गुजर, पीर मोहम्मद,शमसुद्दीन अंसारी,सद्दाम खत्री,अमीर निर्वाण,आरिफ ऐजाज हाशमी,इकराम तंवर,अशफाक तंवर, गुरमील अहमद,सगीर अहमद,गुलाम चौहान, सिद्दीक बड़गुजर फिरोज हसन रिजवी वा सभी जमाती भाइयों ने ईदुल अजहा की बधाई दी।

nandgaon times june-09-01.qxd 6/8/2025 10:34 PM Page 2



# हिंदू- मुस्लिम की झगड़ा को मिटाया, विश्व के महान गुरु हैं संत कबीर साहेब : त्रिलोकी दास साहेब

## कबीर भजन गाते हुए बच्चों महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर किया गली भ्रमण, संत श्री त्रिलोकी दास साहेब ने किया वृक्षारोपण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सोमनी समीपस्थ ग्राम खुटेरी मे कबीरपंथी साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियो के तत्वाधान मे 8 जून दिन रविवार को कबीर कुटी ग्राम खुटेरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत सम्राट सतगुरु कबीर साहेब की असीम कृपा से कबीर प्राकटय दिवस का आयोजन किया गया। परम पूज्य महंत श्री त्रिलोकी दास साहेब कबीर आश्रम पोटियाहीह जिला धमतरी छत्तीसगढ़ अपने संत मंडली के साथ सात्विक चौका आरती संपन्न किया। आयोजक समिति के हेमंत साहू पूर्व सरपंच ने बताया कि आज बच्चे महिलाओ अपने सिर पर कलश रखकर गली भ्रमण किया और आमीन माता महिला मंडल द्वारा कबीर भजन गाते हुए गली भ्रमण किया गया जिसे बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए। संत त्रिलोकी दास साहेब ने कहा कि साहेब की साहेबी सबके अंदर समाया है इसलिए सबको साहब कहते हैं,साहब शब्द अगर आप किसी की बंदगी करते हैं साहेब किसको कहते हैं तुलसीदास कहते हैं की साहेब सृष्टि के कर्णधार को साहेब, जो सबका नाथ है वह साहेब है वो साहब कैसे हैं बिना पैर, बिना आंख जब उसका विचार आए प्रगट होते हैं और विलुप्त हो जाते हैं सदा आनंद देता है वह साहेब है आना-जाना नहीं होता है जिसका जन्म मरण नहीं होता है उसे साहेब कहते हैं जिनका जन्म मरण होता है उसे भगवान कहते है. साहेब से पूछे धर्मदास जी धर्मदास मेरे आने का कारण है कि जीवन को दुखी देखकर आया हूं इस भवसागर में जीव दुखी है इसलिए मैं आया हूं जिस समय साहेब जी आए उस समय हिंदू मुस्लिम में लड़ाई खूब चल रही थी मेरा निवास तो सतलोक है काशी के लहर तालाब में जब प्रकट हुआ उस समय चारों तरफ प्रकाश की प्रकाश फैल गया उसे समय लहर तालाब के प्रकाश को अष्टानंद महाराज ने पहले देखा, जो प्रकाश को देखा वह उसने कहा कि वह परमात्मा है. श्री साहेब ने आगे कहा कि नीमा और नीरू का पहली बार गौना लेकर नीमा को प्यास लगी तो



लहर तालाब के पास रुक गए और वहां देखते हैं कि ज्योति स्वरूप कोई आवाज लग रहा है उसे समय साहेब ने कमल पुष्प में एक बालक के रूप में प्रकट हुए और कहा कि मैं ज्योति स्वरूप हूं बाल स्वरूप सतगुरु बोले सदगुरु कबीर साहेब इस कलिकाल में 14 बार आया हूँ श्री साहब ने आगे कहा कि नीमा और नीरू को पक्का विश्वास हो गया उसे अपने साथ घर जाने पर लोग क्या कहेगे के कई सवाल खडे हो गए। संत त्रिलोकी दास साहेब ने आगे कहा की 7 दिन के जन्मे बछिया के थन से दूध निकाल जाए तो समझ लेना कि वहा परमात्मा है कलयुग में केवल उद्धार करने आए हैं उन्होंने कहा कि मौली पंडित के पास अपना नाम खुद घोषित किया कबीर, कबीर साहेब बचपन से ही शिक्षा देने लग गए छुआछूत को समाप्त किया सबके अंदर राम अल्लाह है हिंदू मुसलमान की झगड़ा को मिटाया,विश्व की महान गुरु है संत कबीर। हिंदू मुसलमान को अपना शिष्य बनाया। उन्होंने कहा जब हिंदू मुस्लिम कब्र से जब कबीर साहेब गए तो आधे हिस्से को हिंदू ले गए और उन्होंने मंदिर बनाए और मुस्लिम लोग मस्जिद बनाए। श्री संत त्रिलोकी दास साहेब ने आगे कहा की आज यहां से संकल्प लेकर जाएं की मैं सच्चा कबीरपंथी बनूगा कभी भी नशापन नहीं करूंगा यह संकल्प लेकर अपने जीवन को धन्य बनाए।

## पेड़ लगाओ,पर्यावरण बचाओ



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व पर्यावरण दिवस मे एक पेड़ माँ के नाम थीम पर शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण मे शासकीय प्राथमिक शाला मार्री मे इकोक्लब एंव शाला प्रबंधन समिति प्रा0शा0 मार्री तथा ग्रामीण जनों के सहयोग से वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर किशन श्यामकुंवर प्रधानपाठक प्रा0शा0 मार्री मे अपनी माँ निर्मला बाई श्यामकुवर के नाम से आम का पेड़ लगाया। गाँववालो के सहयोग से अनेक पौधे आम, पपीता, अनार, जाम, मोगरा आदी लगाकर पेड़ को सुरक्षा घेरा लगाकर सुरक्षित किया इस अवसर पर समन्वयक मार्री कौमा सर, प्राचार्य मंडलोंई हायर सेकेन्डरी शाला मार्री, लोचन साहू, चित्रकान्त पाटील,सहायक शिक्षक मुकेश कोमरे सर ,अध्यक्ष रैखचंद कोलियारे, उपाध्याक्षिका साहु मेडम, आदी उपस्थिति थे।

## हाइवा में टकराने से एक नवयुवक की मौत,



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्टेट हाइवे में बीती रात को सड़क हादसे में एक नवयुवक की मौत हो गई, मृतक राकेश निषाद पिता जागेश्वर निषाद 18 वर्ष शुक्रवार को कुछ कार्य से ग्राम मरकाकसा गया था वहां से वापसी लौट रहे ग्राम सुखरी के पास एक हाइवा क्रमांक सीजी 10 बी क्यू 8713 से जबरदस्त टक्कर होने से उनके सिर में गंभीर चोट आई घटना स्थल में राकेश के सिर से खून से लथपथ पड़ा था अधिक खून बहने और गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई, वहीं उनके दोस्त कौशल निषाद, भी घायल हो गए हैं जिनका इलाज राजनादगांव एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है मृतक राकेश निषाद बगदई निवासी है मृतक मजदूरी करता था पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## बजरंगपुर नवांगाँव में 15 जून रविवार को कबीर प्राकट्य महोत्सव

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय वार्ड क्रं. 01 बजरंगपुर नवांगाँव में नगर इकाई साहू समाज एवं वार्डवासियों द्वारा 15 जून



रविवार को कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन कर्मा सामुदायिक भवन में रखा गया है। कार्यक्रम रविवार 15 जून सुबह 11 बजे सत्संग एवं दिव्य प्रवचन महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी रायपुर के साथ आरंभ होगा। दोपहर 2 बजे अतिथि स्वागत एवं भवन का भूमिपूजन होगा एवं दोपहर 3 बजे प्रसादी भोजन एवं चैका आरती का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलासाहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, विशेष अतिथि के रूप में निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, नीलमणी साहू महामंत्री, कुलेश्वर साहू नगर अध्यक्ष, अंजू साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजनांदगाँव एवं सावन वर्मा पार्षद वार्ड क्रं. 02 होंगे। उक्त जानकारी समाज के मिडिया प्रभारीयोगेश साहू ने दी।

## पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई: 6 आरोपी गिरफ्तार, 60 नग मवेशी जब्त

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( दैनिक नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 06 जून 2025 की रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत मछरीरेवार जंगल के पास ग्रामवासी दिलीप नायक द्वारा सूचना दी गई कि 03 पुरुष एवं 03 महिलाएं लगभग 60 नग गाय-बछड़ा (मवेशी) को बिना चारा-पानी के, डंडे से हांकते हुए मध्यप्रदेश की ओर क्रूरता पूर्वक ले जा रहे हैं।

सूचना पर थाना तरेगांव जंगल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी 6 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम - 1. भगतसिंह मरावी पिता रनमत सिंह मरावी (उम्र 34 वर्ष), 2. रामलाल यादव पिता सुखनालाल यादव (उम्र 30 वर्ष), 3. बुद्धूलाल यादव पिता फित्तूलाल (उम्र 34 वर्ष), 4. चमेली बाई पति बुद्धूलाल यादव (उम्र 27 वर्ष), 5. सुनीता बाई पति रामलाल यादव (उम्र 26 वर्ष), 6. सोनारिन बाई पति भगतसिंह मरावी (उम्र 30 वर्ष), सभी निवासी ग्राम उसरीभूंडी, थाना समनापुर, जिला डिण्डौरी (म.प्र.) बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 60 नग मवेशी ङ्क 09 बछिया, 28 गाय व 23 बछड़े, अनुमानित मूल्य ?2,70,800 ङ्क को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया और ग्राम तरेगांव जंगल स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया। मवेशी ले जाने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस भी दिया गया, परंतु आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। प्रकरण में थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 11/2025, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को दिनांक 07 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# प्रशस्ति नहीं प्रशस्त भाव रखो, दान अपनी शक्ति और क्षमता के अनुसार देना चाहिये

## संगठन में काम करने से एक और एक ग्यारह हो जाते हैं, 105 आर्यिका आदर्श मति माता जी



**राजनांदगांवए (नांदगांव टाइम्स)।** श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में आज संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि 108 आचार्य श्री समय सागर महाराज जी के आशीर्वाद से एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्श मति माता जी के ससंघ सानिध्य में एवं बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया खुरई के मार्गदर्शन में मंदिर के शिखर पर चाबी लगायी गयी 7 यह शिखर बनाने का सौभाग्य श्री श्रीमंत सेठ विनोद जैन बिलासपुर कोयला परिवार को प्राप्त हुआ और यह चाबी लगाने का सौभाग्य भी इन्ही परिवार को प्राप्त हुआ 7 प्रात: भगवान का अभिषेक, शांति धारा, पूजन आरती हुई तत्पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर समाधी स्थली में आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षाल किया गया एवं आचार्य श्री कि पूजन और आरती कि गयी 7 दोपहर 12:30 बजे भगवान के श्री यंत्र को ऊपर मंदिर में विराजमान कर संगीतमय पूजन कि गयी एवं पाषाण कि चाबी कि शुद्धि कि गयी और उसमे 105 आर्यिका रत्न आदर्श मति माता जी द्वारा केशर से स्वस्तिक बनाया गया और उपस्थित सभी भक्तों ने उसपर पुष्प क्षेपण किया तत्पश्चात पाषाण कि चाबी को क्रेन से ऊपर शिखर पर स्थापित किया गया 7 105 आर्यिका रत्न आदर्श मति माता जी ने कहा कि एक और एक मिलने से दो हो तो उसे गणित कहते हैं , एक और एक मिलने से ग्यारह हो तो उसे संगठन कहते हैं, एक और एक मिलने से एक हो जाये तो उसे प्रेम कहते हैं, एक और एक मिलने से विपरीत हो जाये तो उसे राजनीति कहते हैं, एक और एक मिलने से शुन्य हो जाये तो उसे परमात्मा कहते हैं 7 संगठन से यदि संग हट जाये तो केवल ठन ही शेष रहता है और वहाँ केवल ठन ङ्क ठन ही होता है कार्य कुछ नहीं हो पाता है 7 संगठन से यदि ठन हट जाये तो संग शेष बचता है जिसका मतलब है कि - यदि संग ङ्क संग कार्य किया जाये तो बड़े ङ्क बड़े कार्य भी टना - टन हो सकता है 7 चंद्रगिरी आचार्य श्री का प्रकल्प है और यह उन्ही के आशीर्वाद से बन रही है इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिये सर्वोपरि कमेटी, चंद्रगिरी कमेटी और विद्यायतन कमेटी संगठित रूप से कार्य करे और आचार्य श्री के समाधी स्मारक का कार्य भी अति भव्यता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करें 7 यहाँ के प्रत्येक पाषाण खंड को आचार्य श्री ने स्वयं देखा है और उनकी ऊर्जा से आज भी यह क्षेत्र अतिशयकारी है और यहाँ का कण ङ्क कण उनकी चरण रज से पवित्र और ऊर्जावान है 7 जैसा 108 आचार्य समय सागर महाराज जी कहते हैं वैसा करें7 इस क्षेत्र के निर्माण के लिये यदि आपके पास अरबो ङ्क खरबों है, करोड़ों है, लाखों हैं, हजारों हैं, सैकड़ों है या एक रूपए भी है तो उसका कुछ अंश अपनी - अपनी शक्ति एवं क्षमता के अनुसार यहाँ अवश्य दान दें जिससे आपके आने वाली पीढ़ी जब इस क्षेत्र पर दर्शन करने आएगी तो उन्हें अपने पूर्वजों पर गर्व होगा कि जिन्होंने इतना विशाल और ऐतिहासिक



मंदिर और तीर्थ क्षेत्र बनवाया है जिससे युगों ङ्क युगों तक जैन धर्म कि प्रभावना और समीचीनता बने रहेगी 7 आचार्य श्री व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व थे 7 वे इस धरती पर मनुष्य के रूप में भगवान थे 7 उन्होंने कभी अपने नाम कि प्रशस्ति नहीं रखी बल्कि प्रशस्त भाव रखने कि प्रेरणा दी 7 उक्त कार्य के लिए श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, उपाध्यक्ष श्री राजकुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द जैन,महामंत्री श्री निर्मल जैन, विनोद बडजात्या, सप्रेम जैन, चंद्रकांत जैन, पूनम जैन, निशांत जैन, निखिल जैन, सोपान जैन, दीपेश जैन, अमित जैन एवं समस्त ट्रस्टीगण ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी 7 भारत के विभिन्न स्थानों से एवं राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर आदि जगह से आये भक्तों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता दी 7 उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी है।

# जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 2 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी एवं संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज दो मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

मनोज कांडे लाल बहादुर नगर मंडल के अध्यक्ष एवं हेमलाल वर्मा, कैलाश उईके महामंत्री बनाए गए। लाल बहादुरनगर से अध्यक्ष मनोज कांडे उपाध्यक्ष- उपकार सिंह बघेल, श्रीमती वर्षा गेड़ाम, श्रीमता गोदावरी निषाद, चन्द्रप्रकाश देशमुख,

**महामंत्री**- हेमलाल वर्मा, कैलाश उईके

**मंत्री**- धनवार मंडावी, श्रीमती चन्द्रा सिन्हा, श्रीमती तिलका बाई, श्री अशोक वर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा सह-कोषाध्यक्ष रेवाराम सिन्हा मीडिया प्रभारी भोजराम वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र यदु, कार्यालय प्रभारी घनष्याम वैष्णव को बनाया गया है। हिरदे राम देवांगन कुमर्दा मंडल के अध्यक्ष एवं पतिराम साहू, कोमल सिन्हा महामंत्री बनाए गए।*

कुमर्दा मंडल से - अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन

उपाध्यक्ष- टुमेश साहू, चन्दूलाल पटेल, श्रीमती चित्रलेखा साहू, श्रीमती रजवन्तीन बाई

**महामंत्री**- पतिराम साहू, कोमल सिन्हा

**मंत्री**- मन्होर साहू, ठाकुर राम यादव, श्रीमती महाबती नेताम, श्रीमती लक्ष्मी बाई गुहा,

कोषाध्यक्ष दिग्विजय दास साहू सह-कोषाध्यक्ष चोवाराम साहू, मीडिया प्रभारी कपिल बघेल, सोशल मीडिया प्रभारी डिलेश्वर मानिकपुरी कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र राजपूत को बनाया गया है।

# सुकुल दैहान के ढाबा गली मोहल्ले मे हो रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम पंचायत सुकुल दैहान के ग्रामीणजन आज बड़ी संख्या में पुलिस चौकी सुकुल दैहान पहुंचकर थाना प्रभारी को पत्र सौंपते हुए बताया कि अवैध रूप से संचालित ढाबा कसारी रोड में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के संबंध में पत्र सौपा गया। ग्रामीण जनों ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत सुकुल दैहान के कसारी रोड पर स्थित ढाबा सड़क के आजू-बाजू में स्थापित जहां पर अवैध रूप से खुलेआम टेबल में बिठाकर चखना के साथ शराब की बिक्री की जा रही है जबकि हमारे ग्राम पंचायत सुकुल दैहान में लगभग विगत 10 माह से लगभग पुलिस चौकी निरंतर संचालित है एवं हमारे ग्राम में सम्मानित व्यक्ति के होते हुए भी यह बात अशोभनीय है ग्राम पंचायत सुकुल दैहान की गली मोहल्ले में चिल्हर कोचियों द्वारा जो शराब की बिक्री करते हैं उसे पर भी कार्यवाही का रोक लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने रखी। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच सरस्वती चंद्रवंशी, उपसरपंच ईश्वरी साहू,कृष्णा कुमार, बसंती, पूर्णिमा साहू, लछवंतीन, विमला, धान बाई, चंद्रिका,शिवकुमार, जयकरण यादव सहित समस्त पंचगण एवं महिलाए व ग्रामीण जन संख्या में उपस्थित रहे।

## सप्ताह के सितारे (09 जून 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 7- 6 | 17-71-16-61-76-67 |
| मंगल | 3- 7 - 9 - 0 | 79-97-70-07-37-73 |
| बुध | 2- 4 - 7 - 0 | 47-74-40-04-20-02 |
| गुरू | 1- 5 - 9 - 0 | 19-91-15-51-90-09 |
| शुक्र | 3 - 4 - 5 - 6 | 35-53-36-63-45-54 |
| शनि | 2 - 4 - 6- 8 | 46-64-48-84-39-93 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 2 - 7 - 8 - 0

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 85- 76 -80 -95

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 12 - 17 - 18 - 19 | (6) 62 - 67 - 68- 69 |
| (2) 22 - 27 - 28 - 29 | (7) 72 - 77 - 78 - 79 |
| (3) 32 - 37 - 38 - 39 | (8) 82 - 87 - 88 - 89 |
| (4) 42 - 47 - 48 - 49 | (9) 92 - 97 - 98 - 99 |
| (5) 52 - 57 - 58- 59 | (10) 02 - 07 - 08 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 98-04-03-62-47-45 | 91-51-34-48-10 |
| 82-00-74-83-08-57 | 48-84-98-35-71 |
| 99-00-47-21-72-26 | 04-29-63-96-03 |
| 30-61-16- 8-65-38 | 08-74-08-86-37 |
| 34-62-21-02-23-24 | 76-14-10-13-21 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# संरक्षण की शपथ के साथ पौधा रोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (नांदगांव टाइम्स)।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिला ईकाई द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रियासत कालीन श्री जगन्नाथ मंदिर छुईखदान एवं खैरागढ़ स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में पौधा रोपण किया.समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिलाध्यक्ष श्रीमती बिंदु तिवारी एवं जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने इस आयोजन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करता है. पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है, इसी उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छुईखदान स्थित रियासत कालीन श्री जगन्नाथ मंदिर एवं खैरागढ़ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वातावरण को शुद्ध एवं प्रदूषण से मुक्त रखने के लिये बरगद, पीपल, जाम, नीम, अर्जुन आदि पौधे रोपे गये. पौधों का रोपण कर इन ?पौधों को संरक्षित रखने की शपथ ली गई. इस अवसर पर जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा उपाध्याय, श्रीमती श्यामा तिवारी, मीना तिवारी, श्रीमती विमला शर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा, श्रीमती रेणु त्रिपाठी, श्रीमती रेणु चौबे, श्रीमती, कविता चौबे, श्रीमती अंजू तिवारी एवं खैरागढ़ से जिला संयोजिका श्रीमती अंजू पांडेय, श्रीमती रोहणी शर्मा, श्रीमती सीमा मिश्रा सहित नगर की अनेक सामाजिक सहयोगी बहनें उपस्थित थीं.

## जूनियर बना प्राचार्य , लंबे समय से पदस्थ है

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छुरिया ब्लाक के ग्राम उमरवाही में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में जूनियर के प्रभारी प्राचार्य एवं आहरण सवितरण अधिकारी बनने का मामला प्रकाश में आया है, हायर सेकेंडरी स्कूल में वर्तमान में विजय कुमार ध्रुवे प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ है। ग्राम उमरवाही के स्कूल में प्रभारी प्राचार्य ध्रुवे से दो सीनियर व्याख्याता है । पूर्व में सीनियर व्याख्याता बरसन गंधर्व प्रभारी प्राचार्य पद पर था गंधर्व को हटाकर जूनियर विजय ध्रुवे पद संभाल रहा है । सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी प्राचार्य ध्रुवे स्कूल से हमेशा नदारद रहता है। हायर सेकेंडरी स्कूल उमरवाही में विजय ध्रुवे के अलावा दो सीनियर व्याख्याता ईश्वर लाल यादव एवं बरसन गंधर्व पदस्थ है। विभागीय अधिकारियों ने नियमों को ताक करते हुए जूनियर को प्रभारी प्राचार्य बना दिया है जो जांच का विषय है ।

**डीईओ से हुई शिकायत** - उमरवाही के प्रभारी प्राचार्य विजय ध्रुवे के जूनियर के प्राचार्य बनने की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है । लगभग 22 वर्षों से उमरवाही में पदस्थ है बताया जाता है कि ध्रुवे उमरवाही में प्रभारी प्राचार्य के अलावा उमरवाही एवं गिदर्री हायर सेकेंडरी स्कूल के आहरण संवितरण अधिकारी (डीडीओ) का प्रभार भी संभाल रहा है ।

**सीएम से शिकायत की जायेगी** - 9 जून को सीएम विष्णु देव साय के ग्राम गोडलवाही में नवनिर्मित हायर सेकेंडरी स्कूल एवं आदिवासी बालक छात्रावास के लोकार्पण के साथ आदिवासी हल्बा समाज का कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्रचार विजय कुमार ध्रुवे के सीनियर के रहते जूनियर के प्राचार्य बनने की शिकायत की जाएगी। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उमरवाही में सीनियर के रहते जूनियर प्राचार्य पद संभालने की खबर मिली है अगर कोई भी सीनियर लिखित आवेदन देकर प्राचार्य पद भार संभालने तैयार है तो नियम के तहत सीनियर को प्राचार्य का पद दिया जा सकता है ।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़,
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

-ईश्तहारः-

रा.प्र.क 202505092300016
अ/6(अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्मल पिता रामाधार जाति तेली निवासी ग्राम मुसराखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम मुसराखुर्द पटवारी हल्का नं0 13 में स्थित अपने शामिलात नाम की कृषि भूमि कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.570 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। राजस्व अभिलेख में आवेदक की पुत्री भगवती पिता रामाधार जाति तेली दर्ज हो गया है। जबकि आवेदक की पुत्री के पिता भगवती पिता निर्मल जाति तेली दर्ज किया जाना था। पिता के स्थान पर दादा का नाम दर्ज हो गया है। उक्त भूमि पर भगवती पिता रामाधार जाति तेली के स्थान पर भगवती पिता निर्मल जाति तेली दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह 09/06/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनाक के दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

nandgaon times june-09-01.qxd 6/8/2025 10:34 PM Page 3



# खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निषाद समाज का शपथ ग्रहण समारोह

**खैरागढ़( नांदगांव टाइम्स )।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह खैरागढ़ के अमलीडीह वार्ड में सम्पन्न हुआ जहां पूर्व मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की व अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने की । श्री बघेल ने भगवान श्रीराम व केंवट समाज के आराध्य निषादराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके बाद निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निषाद समाज मेहनतकश लोगों का समाज है जो आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो या फिर राजनीति। भूपेश बघेल ने कहा हर युग में निषाद समाज का अस्तित्व रहा है।

समाज की सत्यवती से ही महाभारत में कौरव पांडव का वंश आगे बढ़ा, आज कलयुग में भी बड़े-बड़े शहर बसाने का काम निषाद समाज के लोगों का है। कलकत्ता में काली मंदिर भी निषाद समाज ने बनाया, बिलासपुर शहर को बसाने का कार्य भी निषाद समाज की बिलासा निषाद ने किया। इसी कारण हमारी सरकार ने बिलासपुर हवाई अड्डे का नाम बिलासा निषाद के नाम पर रखा है। जब भी इतिहास लिखा जाएगा तो निषाद समाज का नाम मुख्य रूप से लिखा जाएगा क्योंकि हर युग में निषाद समाज की महिमा रही है।

**प्रदेश अध्यक्ष व विधायक कुंवर सिंह निषाद ने दिलाई शपथ**

मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी निषाद ने बताया कि नवनिर्वाचित जिला संगठन के पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष फत्ते लाल निषाद उपाध्यक्ष गैंदलाल निषाद अकरजन, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा निषाद छुईखदान, महासचिव खेमलाल निषाद खपरी सिरदार, कोषाध्यक्ष संत निषाद खैरागढ़, सचिव (पुरुष-महिला) शत्रुहन निषाद झूरानदी व श्रीमती बबीता निषाद अमलीडीह, अंकेक्षक नूतन निषाद



अमलीडीह खुर्द, संगठन सचिव रामअवतार निषाद कटंगीकला, उपसंगठन सचिव रमेश निषाद खैरी व लोमेश कुमार निषाद धनगांव, कार्यालय सचिव चरनराम निषाद अमलीडीह, प्रचार सचिव बीरेन्द्र निषाद चंदैनी को छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने शपथ दिलाई । विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के संविधान के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। समाज हित में काम करने और एकजुटता का परिचय देते हुए समाज को जोड़ने के लिए कहा है । उम्मीद है कि सभी नव नियुक्त पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। साथ ही विधायक जी सभी पदाधिकारियों को टीम बनाने के निर्देश दिए । निषाद समाज को सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक मजबूती के लिए कार्य करना है। जब तक समाज में शिक्षा व संस्कार नहीं बढ़ेगा तब तक समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। समाज के सभी कार्यक्रम में हमारे समाज के महान व्यक्तियों का संस्मरण करना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों का त्याग कर सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुख्य धारा से जुड़े।

**विधायक यशोदा वर्मा ने निषाद समाज के भवन के लिए की 10 लाख रु की घोषणा**

इस दौरान मंच में मौजूद खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने निषाद समाज के भवन के लिये 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

**रानी विभा देवव्रत सिंह ने की निषाद समाज के लिये जमीन दान करने की घोषणा**

निषाद समाज के समारोह में राजा स्व. देवव्रत सिंह की पत्नी विभा सिंह ने भी शिरकत की इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि राजा स्व. देवव्रत सिंह की इच्छा थी कि वे निषाद समाज के लिए कुछ करें और उसी को ध्यान में रखते हुए रानी विभा सिंह ने निषाद समाज का भवन बनाने के लिए अपनी जमीन दान करने की घोषणा मंच से की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निषाद समाज के सामूहिक कन्या विवाह में भी वे सहयोग करना चाहती हैं इस दौरान रानी विभा सिंह ने मंच से नीचे उतरकर निषाद समाज की महिलाओं से चर्चा कर उनका हाल पूछा और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में निषाद समाज के युवा पदाधिकारी जिला कोषाध्यक्ष संत निषाद की बड़ी भूमिका रही । जिनके प्रयास से समाज के लिए जमीन व भवन की सौगात मिली । समारोह में विशेष अतिथि के रूप में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवाज खान, रानी विभा सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, निषाद समाज के महासचिव मनोहर लाल निषाद, उपाध्यक्ष हरिशंकर निषाद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, मुढीपार कांग्रेस अध्यक्ष कमल साहू, खैरागढ़ शहर कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भीखम छाजेड, कांग्रेस के वार्ड पार्षद शत्रुघ्न घृतलहरे, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैन कुमार सोनवानी, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद सहित गणमान्यजन मौजूद थे ।

## ज्ञान मंथन

*1) इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?*

*2) लता मंगेशकर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया जाएगा?*

*3) कील नहर किस देश में स्थित है?*

*4) डीएलआर किस देश का अंतरिक्ष केंद्र है?*

*5) एड्रियन स्मिथ किस इमारत का निर्माण किया था?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) हैदराबाद हवाई अड्डा (2) उत्तम सिंह और के एस चित्रा (3) जर्मनी (4) जर्मनी (5) बुर्ज खलीफा

## कुम्हालोरी में 9 जून को कबीर जयंती समारोह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुरगी समीपस्थ ग्राम कुम्हालोरी में 9 जून को कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के बिसाहू राम साहू,ओंमकार साहू ने बताया कि सुबह 10 बजे से 1बजे तक एवं 3 बजे से 5 बजे तक कबीर जयंती समारोह होगा। ओंमकार साहू ने क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## युक्तियुक्तकरण नीति से कबीरधाम जिले के 10 स्कूलों में हुई रसायन विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति

### युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में दिखने लगा सुधार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( दैनिक नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, संतुलित और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति का सकारात्मक प्रभाव अब ज़मीन पर दिखाई देने लगा है। यह नीति विशेष रूप से उन विद्यालयों में कारगर सिद्ध हो रही है जहाँ शिक्षकों की कमी या विषय-विशेषज्ञों का अभाव लंबे समय से छात्रों की पढ़ाई में बाधा बन रहा था। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत कबीरधाम जिले के 10 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में रसायन विज्ञान विषय के शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है।



## महिला 90 फीसदी जली, गंभीर

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के सेवतापारा स्वीपर कॉलोनी में बीती रात एक महिला के 90 फीसदी जलने की खबर है। बताया जाता है कि अर्धरात्रि हुई घटना के बाद महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। पता चला है कि उक्त महिला नगर पंचायत के सफाई कर्मी रवि की पत्नि है। घटना किस तरह से घटी, महिला ने आत्महत्या के उद्देश्य से जली है या फिर और कोई कारण से वह जली है, इस संबंध में पुलिस ने भी पूछने के बावजूद कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। बताया जाता है कि महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस लोमहर्षक घटना से मुहल्ले में भय और दहशत की स्थिति है ।

## निधन



**बिसाहत राम कुंभकार**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम सीताकसा निवासी बिसाहत राम कुंभकार का निधन हो गया है उनकी अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया अंतिम संस्कार कार्यक्रम में सामाजिक बंधु, मोहल्लेवासी, और परिवार, वाले शामिल हुए थे।उ

# लखन अध्यक्ष,मूलचंद उपाध्यक्ष और तोरण यादव सर्किल पुरेना के सचिव निर्वाचित हुए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले दिनों सर्किल कोसरिया यादव समाज पुरेना का पदाधिकारी चुनाव का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ ग्राम कोटरी छापर में संपन्न हो गया। चुनाव पूर्णत: लोक तांत्रिक तरिका से मत दान के माध्यम से किया गया, जिसमें श्री लखन यादव (बिल्हरि)को अध्यक्ष , श्री मूलचंद यादव(केशली) उपाध्यक्ष एवं श्री तोरण यादव (कोलिहापुरी)को सर्किल पुरेना के सचिव चुना गया है। जिला चुनाव आयोग के पीठा सीन अधिकारी श्री के.आर.यादव जिला संरक्षक,नोडल अधिकारी श्री सुरेश यादव जिला उपाध्यक्ष, अन्य चुनाव अधिकारियों में श्री दुर्गा प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी,श्री अनिल यादव,तीरथ यादव,रामखिलावन यादव,अशोक यादव,हेमचंद् यादव, घनश्याम यादव,फगुवा राम यादव,कृष्णा राम यादव जिला पदाधिकारी गणों के विशेष निगरानी में चुनाव संपन्न हुआ। यह एक ऐतिहासिक चुनाव कार्य क्रम रहा है। सर्किल चुनाव के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गणों का सामाजिक संगोष्ठी,सामाजिक बच्चों का विविध सांस्कृतिक कार्य क्रम आमंत्रित जिला पधाधिकारी गणों का विशेष



सम्मान भी किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव सहित अन्य सर्किल पदाधिकारी गणों को जिला अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव द्वारा शपथ ग्रहण भी कराया गया।समाज में एकजुटता,शिक्षा,नशा मुक्ति पर जोर,आदर्श विवाह को अपनाना,सामाजिक नियमावली का पालन करना जैसे मुद्दे पर मंच साझा किया गया। जिला पदाधिकारी गणों में श्री शीलू राम यादव,महेश यादव,राधे यादव,हरीश यादव,रेखचंद् यादव अलख राम यादव सहित अन्य सर्किलों से श्री रामखिलावन यादव,गोविंद यादव,विजय यादव,कार्तिक यादव आदि भी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिये हैं। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनंदगांव ने सर्किल कोसरिया यादव समाज पुरेना के समस्त पदाधिकारी गणों,समाज प्रमुखों,कार्य कर्ता गणों,निवास रत सामाजिक बंधुओं,माताओ बहनो को इस गरिमामयी कार्य क्रम के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभ कामना दिये हैं और आगे भी इसी प्रकार से सामाजिक सहभागिता की अपेक्षा किया गया है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गा प्रसाद यादव ने दी है।

# कृषि केंद्र की आड़ में देशभर में 2.5 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना भोरमदेव अंतर्गत ग्राम राजनावागांव में M/S Bhoramdeo Krishi Kendra नामक प्रतिष्ठान के नाम पर संचालित ICICI बैंक खाता, जिसका संचालन नामदेव साहू पिता भीमलाल साहू, निवासी सिंघनपुरी (हाथिडोब), द्वारा किया जा रहा था — उसकी तकनीकी जांच में सामने आया कि वर्ष 2023- 24 के दौरान इस खाते से करीब ?2.5 करोड़ रुपये के संदेहास्पद लेन-देन किए गए। ये लेन-देन सामान्य व्यापारिक गतिविधियों से मेल नहीं खाते थे, जिससे प्रारंभिक स्तर पर ही खाता संदिग्ध श्रेणी में आया।देश के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त जानकारी और तकनीकी समन्वय के आधार पर यह पाया गया कि उक्त खाते के माध्यम से 56 मामलों में कुल ?70,27,299 की राशि सीधी साइबर ठगी की घटनाओं से जुड़ी हुई है। शेष बड़ी राशि के संदर्भ में भी प्राथमिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि वह राशि भी साइबर अपराध के माध्यम से अर्जित हो सकती है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि बड़ी संख्या में ठगी के शिकार व्यक्ति जानकारी के अभाव, शर्म या असहायता के चलते औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराते।देश के 16 राज्यों में इस खाते के विरुद्ध दर्ज साइबर ठगी के 56 प्रकरण एवं ठगी की राशि— आंध्र प्रदेश



में 2 मामलों में ?2,38,000 की ठगी बिहार में 1 मामले में ?30,000 की ठगी चंडीगढ़ में 1 मामले में ?50,000 की ठगी दिल्ली में 2 मामलों में ?3,40,600 की ठगी गोवा में 1 मामले में ?4,00,000 की ठगी गुजरात में 4 मामलों में ?3,50,000 की ठगी हरियाणा में 4 मामलों में ?2,60,000 की ठगी कर्नाटक में 10 मामलों में ?8,67,953 की ठगी केरल में 1 मामले में ?28,000 की ठगी मध्य प्रदेश में 1 मामले में ?1,50,000 की ठगी महाराष्ट्र में 6 मामलों में ?6,47,839 की ठगी पंजाब में 3 मामलों में ?1,34,888 की ठगी तमिलनाडु में 3 मामलों में ?9,52,600 की ठगी तेलंगाना में 11 मामलों में ?19,22,421 की ठगी उत्तर प्रदेश में 1 मामले में ?10,000 की ठगी पश्चिम बंगाल में 5 मामलों में ?6,44,998 की ठगी इस संपूर्ण विश्लेषण के पश्चात थाना भोरमदेव में धारा 317(4), 318(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना प्रारंभ की गई है। डीएसपी(साइबर सेल) श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं डीएसपी(मुख्यालय) श्री आशीष शुक्ला के नेतृत्व में गठित विशेष तकनीकी टीम द्वारा खाते से संबंधित मोबाइल नंबर, ईमेल, ट्रांजेक्शन की आवृत्ति, धन का प्रवाह, एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 1 जून से 26 जून 2025 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत, जिला प्रशासन कबीरधाम एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आज स्वामी करपात्री मैदान (आउटडोर स्टेडियम) में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए पृथक-पृथक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही, उपस्थित सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन समाज में नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## आज से भगवान श्री झूलेलाल कथा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री सिद्धेश्वर झूलेलाल समिति, संत कंवर राम सेवा मंडल, पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाधी नगर राजनांदगांव द्वारा नौ जून सोमवार से 11 जून तक भगवान श्री झूलेलाल कथा एवं सामूहिक पूज्य बहराणा साहेब का आयोजन किया जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी अशोक पंजवानी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम नौ जून सोमवार की शाम 7.30 बजे से सिंधु भवन हेमू कालाणी नगर राजनांदगांव में आयोजित है। पहले दिन शाम को श्री झूलेलाल मंदिर में झूलेलाल कथा सदगुरू सांई लालदास सहेब के श्री मुख से होगी। इसी तरह 10 व 11 जून को रात्रि 7.30 बजे से झूलेलाल कथा सदगुरू सांई लालदास सहेब के श्री मुख से होगी। प्रतिदिन कथा पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। 12 जून गुरूवार को सामूहिक 251 पूज्य बहराणा साहेब कार्यक्रम होगा।

## प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पौधरोपण



**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व पर्यावरण दिवस भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी ,राजनांदगाव में प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों का रोपण कर मनाया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण का संदेश End plastic pollution Globally है। इस अवसर पर न केवल औषधीय पौधो का रोपण किया गया वरन् प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का विश्व स्तर पर संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर डॉक्टर रवीन्द्र रजनीश, डॉक्टर मुकेश बिसेन के अतिरिक्त अन्य विभाग के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## धर्म समाचार....

# आखिरी बड़े मंगल पर करें इस शक्तिशाली स्तोत्र का पाठ, दूर होंगे सभी संकट



ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। इस बार ज्येष्ठ माह में 5 बड़े मंगल पड़ रहे हैं जिसमें से आखिरी यानी 5वें बड़े मंगल का व्रत 10 जून को किया जाएगा। ऐसे में अगर आप जीवन में किसी संकट या भय से गुजर रहे हैं तो बड़े मंगल पर ये पाठ जरूर करें।

ज्येष्ठ माह आखिरी बड़े मंगल या बुढ़वा मंगल के दिन आप हनुमान जी को समर्पित हनुमान तांडव स्तोत्र का पाठ कर सकते हैं। मान्यता है कि इस स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ करने से भक्तों को हनुमान जी की कृपा प्राप्त हो सकती है।

इसी के साथ जीवन में आ रहे सभी प्रकार के कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। इतना ही नहीं, यह भी माना गया है कि हनुमान तांडव स्तोत्र का पाठ करने से व्यक्ति को रोग, शोक, दुर्घटना और भूत-प्रेत जैसे संकटों से भी मुक्ति मिल सकती है। ऐसे में चलिए पढ़ते हैं श्री हनुमान तांडव स्तोत्र।

भजे समीरनन्दनं, सुभक्तचित्तरञ्जनं, दिनेशरूपभक्षकं, समस्तभक्तरक्षकम् ।

सुकण्ठकार्यसाधकं, विपक्षपक्षबाधकं, समुद्रपारगामिनं, नमामि सिद्धकामिनम् ॥ 1॥

सुशङ्कितं सुकण्ठभुक्तवान् हि यो हितं वचस्त्वमाशु धैर्य्यमाश्रयात्र वो भयं कदापि न ।

इति प्लवङ्गनाथभाषितं निशम्य वानराऽधिनाथ आप शं तदा, स रामदूत आश्रय: ॥ 2॥

सुदीर्घबाहुलोचनेन, पुच्छगुच्छशोभिना, भुजद्वयेन सोदरीं निजांसयुग्ममास्थितौ ।

कृतौ हि कोसलाधिपौ, कपीशराजसन्निधौ, विदहजेशलक्ष्मणौ, स मे शिवं करोत्वरम् ॥ 3॥

सुशब्दशास्त्रपारगं, विलोक्य रामचन्द्रमा:, कपीश नाथसेवकं, समस्तनीतिमार्गगम् ।

प्रशस्य लक्ष्मणं प्रति, प्रलम्बबाहुभूषित: कपीन्द्रसख्यमाकरोत्, स्वकार्यसाधक: प्रभु: ॥ 4॥

प्रचण्डवेगधारिणं, नगेन्द्रगर्वहारिणं, फणीशमातृगर्वहृद्दृशास्यवासनाशकृत् ।

विभीषणेन सख्यकृद्विदेह जातितापहृत्, सुकण्ठकार्यसाधकं, नमामि यातुधतकम् ॥ 5॥

नमामि पुष्पमौलिनं, सुवर्णवर्णधारिणं गदायुधेन भूषितं, किरीटकुण्डलान्वितम् ।


सुपुच्छगुच्छतुच्छलंकदाहकं सुनायकं विपक्षपक्षराक्षसेन्द्र-सर्ववंशनाशकम् ॥ 6॥

रघूत्तमस्य सेवकं नमामि लक्ष्मणप्रियं दिनेशवंशभूषणस्य मुद्रीकाप्रदर्शकम् ।

विदेहजातिशोकतापहारिणम् प्रहारिणम् सुसूक्ष्मरूपधारिणं नमामि दीर्घरूपिणम् ॥ 7॥

नभस्वदात्मजेन भास्वता त्वया कृता महासहा यता यया द्वयोर्हितं ह्यभूत्स्वकृत्यत: ।

सुकण्ठ आप तारकां रघूत्तमो विदेहजां निपात्य वालिनं प्रभुस्ततो दशाननं खलम् ॥ 8॥



यह स्तोत्र हनुमान जी की महानता के साथ-साथ भक्तों के प्रति उनकी कृपा का भी वर्णन करता है। हनुमान तांडव स्तोत्र का पाठ करने से व्यक्ति को सुख की प्राप्ति होती है। इसी के साथ मानसिक शांति का भी अनुभव होता है।

इमं स्तवं कुजेऽह्नि य: पठेत्सुचेतसा नर:
कपीशनाथसेवको भुनक्तिसर्वसम्पद: ।
प्लवङ्गराजसत्कृपाकताक्षभाजनस्सदा
न शत्रुतो भयं भवेत्कदापि तस्य नुस्त्विह ॥ 9॥

नेत्राङ्गनन्दधरणीवत्सरेऽनङ्गवासरे ।
लोकेश्वराख्यभट्टेन हनुमत्ताण्डवं कृतम् ॥ 10॥

## आचार्य चाणक्य के अनुसार, जीवन में न करें ये गलतियां, वरना पड़ेगा पछताना

आचार्य चाणक्य ने अपने नीतिशास्त्र में ऐसी कई बातें बताई हैं जिनका ध्यान रखने पर आप जीवन में सफलता की सीढ़ी चढ़ सकते हैं। इसके साथ ही चाणक्य ने कुछ ऐसी बातों का भी जिक्र किया है जिन्हें बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए अन्यथा आपको बहुत-सी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। हर व्यक्ति यही चाहता है कि उसे जीवन में सफलता मिले और कभी हार का सामना न करना पड़े। ऐसे में आज हम आपको आप आचार्य चाणक्य द्वारा बताई गईं कुछ ऐसी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान जरूर रखना चाहिए। ये आपको सफलता प्राप्त करने में मदद कर सकती हैं।




**न करें ये गलती**- आचार्य चाणक्य का कहना है कि जो व्यक्ति अपने धन या फिर किसी गुणों का झूठा दिखावा करता है, उसे जीवन में कभी-न-कभी अपमान का जरूर सामना करना पड़ता है। क्योंकि जब लोगों के सामने सच्चाई आती है, तो वह उस व्यक्ति का विश्वास करना बंद कर देते हैं।

**जरूर रखें इस बात का ध्यान**- आचार्य चाणक्य कहते हैं कि जो व्यक्ति हर काम को कल पर टाल देता है और मेहनत से दूर भागता है, ऐसे व्यक्ति के लिए भी सफलता हासिल करना बहुत मुश्किल है। चाणक्य जी का कहना है कि आलस व्यक्ति की प्रतिभा को भी नष्ट कर देता है। ऐसे अगर आप सफलता की सीढ़ी चढ़ना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने आसल का त्याग करें।

**इन लोगों को नहीं मिलती सफलता**- चाणक्य नीति में कहा गया है कि जो व्यक्ति महिलाओं का सम्मान नहीं करता, उनके घर में कभी भी लक्ष्मी जी का वास नहीं होता, फिर चाहे वह कितनी भी पूजा-पाठ क्यों न कर ले। इसके साथ ही जो लोग हमेशा अपशब्दों का उपयोग करते हैं और दूसरों को भला-बुरा कहते रहते हैं, उन्हें भी कभी सफलता का मुख देखने को नहीं मिलता।

**छिन जाती है सुख-शांति**- आचार्य चाणक्य के अनुसार, जिस घर में गलत तरीके से पैसा कमाया जाता है, उस परिवार के लोगों को हमेशा किसी-न-किसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। अच्छा-खासा पैसा कमाने के बाद भी इन लोगों को धन की समस्या बनी रहती है। ऐसे में गलत तरीके से कमाए गए पैसे आपको कभी सफलता की राह पर नहीं ले जा सकते।

nandgaon times june-09-01.qxd 6/8/2025 10:35 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कोरोना वायरस खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम है, 'रुद्राक्षम् कर रहा है दिशा तय': महापौर मधुसूदन यादव

## रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी राजनांदगाँव हॉकी लीग का खिताब चीखली ड्रैगन्स एवं रमन बजार वारियर्स ने अपने नाम किया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगाँव हॉकी लीग छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का फाइनल मैच एवं पुरुष्कार वितरण समाहरोह सम्पन हुआ। जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में आयोजित सब जूनियर आयु वर्ग का खिताब शिवनगर बुल्स ने तो वही जूनियर आयु वर्ग का खिताब शान्तिनगर शूरमा ने अपने नाम किया। फाइनल मैच व समापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम राजनांदगाँव के महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी,महामंत्री जिला भाजपा सौरभ कोठारी, एम आई सी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद एवं पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, वरिष्ठ पार्षद कन्हैया सुनील साहू, पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, पार्षद श्रुति लोकेश जैन, अर्जुन गंगवानी अध्यक्ष पूज्या सिंधी पंचायत, जवाहर वर्मा, एवं पार्षद मनोहर यादव उपस्थित हुए ।

**खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम है, 'रुद्राक्षम् कर रहा है दिशा तय'-महापौर मधुसूदन यादव**

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा, खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि यह चरित्र निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व के विकास की प्रयोगशाला है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे के नेतृत्व मे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी ने जिस प्रकार से इस हॉकी लीग का आयोजन किया है,वह न केवल क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच दे रहा है, बल्कि अनुशासन, खेल एवं संस्कारों को भी मजबूत कर रहा है।पटरीपार क्षेत्र की एकजुटता एक मिसाल और इस प्रतियोगिता की सफलता इसका प्रमाण* कोमल राजपूत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोमल सिंह राजपूत ने पटरी पार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों एवं नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि आपकी एकजुटता एक मिसाल है और इस प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन इसका प्रमाण। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार होता है।विशिष्ट अतिथि के रूप मे सम्मिलित छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने अपने उद्बोधन मे पटरी पार क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों को बीस हॉकी स्टिक देने की घोसणा की। इन्होने कहा की हॉकी स्वर्णिम युग को वापस लाने के लीये जिला हॉकी संघ एवं छत्तीसगढ़ हॉकी, रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चल रही है। क्षेत्रिय हॉकी को बढ़वा देना हॉकी संघ का उद्देश्य है और रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी तथा संस्था के मेन्टॉर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एन आई एस गोल्ड मैडलिस्ट हॉकी कोच मृणाल चौबे इसका माध्यम बने है।वरिष्ठ पार्षद एवं पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने का कहा की मृणाल चौबे मे हॉकी का जूनून और खेल का जज्बा है। केवल दो बच्चों के साथ चीखली स्कूल के मेदान मे मृणाल ने खेल प्रशिक्षण को प्रारम्भ किया था और इनकी लगन और मेहनत ही है जो आज ढाई सौ बच्चे इस मैदान से जुड़ कर एक अनुभवी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे के प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एन आई एस गोल्ड मैडलिस्ट कोच मृणाल चौबे ने स्वागत भाषण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और अतिथियों को बताया की रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी संस्था की परिकल्पना खेलेगा राजनांदगाँव - खिलेगा राजनांदगांव卐 तथा खेलेगा छत्तीसगढ़ - जीतेगा भारत की भावना को साकार करना है। इस प्रतियोगिता के आयोजन की सोच इस खेल के दीर्घकालिक विकास और नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का उत्कृष्ट प्रमाण है। जिले की चौदह




टीमों ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। सब जूनियर एवं जूनियर ऐज कैटेगरी के बच्चों ने लीग कम नॉक आउट पद्दती से खेल खेला।

**सभी बच्चों को मिला खेलने का मौका**

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया की चीखली स्कूल के मैदान मे प्रशिक्षणरत सभी खिलाड़ियों को खेल खेलने का मौका मिला। हॉकी खेलने वाले खिलाड़ी हॉकी खेले और ऐसे खिलाड़ी जिनको मैदान आते ज्यादा समय नहीं हुआ है उनके लीये विशेष रिक्रिएशन कप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से कोई भी खिलाड़ी खेलने से वंचित नहीं रहा। रिक्रिएशन कप पर टीमों नैन्सी सिन्हा ने अपना कब्ज़ा जमाया।रुद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी राजनांदगाँव हॉकी लीग के सब जूनियर केटेगरी का फाइनल मैच फाइनल मैच अपरान्ह चार बजे शिवनगर बुल्स विरुद्ध रमन बजार वारियर्स के मध्य खेला गया। इस फाइनल मैच मे रमन बजार वारियर्स की टीमों ने शिवनगर बुल्स को 3-2 से मात दी। शिवनगर बुल्स की ओर से उदित मनी साहू ने दो गोल किये तथा रमन बजार वारियर्स के लीये ने सौरभ, सिद्धार्थ एवं प्रताप ने एक एक गोल किया।जूनियर कैटेगरी के फाइनल मुकाबला मे चीखली ड्रैगन्स ने शांतिनगर शूरमा की टीमों को 3-1 से मात दी। शांति नगर की ओर से हेमंत ने एक गोल किया तथा चीखली ड्रैगन्स की ओर से दो गोल अजय यादव एवं एक गोल अमन यादव ने किया। कार्यक्रम मे उपस्थित सम्मानित अतिथियों के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को तथा रिक्रिएशन कप के विनर को ट्रॉफी, पुरुष्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

**प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हुए पुरस्कृत**

प्रतियोगिता मे सब जूनियर केटेगरी के बेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट पुष्पीता साहू, बेस्ट डिफेंडर प्रताप, बेस्ट मिडफील्डर घानिष्ठा, बेस्ट स्ट्राइकर श्रेया लारिया, बेस्ट गोलकीपर द्विशा निषाद को दिया गया।



जूनियर कैटेगरी मे बेस्ट प्लेयर ऑफ़द टूर्नामेंट नौरीन हयात अंसारी, पुष्पीता साहू, बेस्ट डिफेंडर योगेश मेश्राम, बेस्ट स्ट्राइकर देवेंद्र मानिकपुरी,बेस्ट मिडफील्डर यजत कौशिक, बेस्ट स्कोरर विवेक ने जीता।

**पटरी पार के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान**

कार्यक्रम मे उपस्थित सम्मानीय अतिथियों ने पटरी पार क्षेत्र के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों का हॉकी खेल के लीये उनके योगदान के लीये सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों मे मैकू लाल यादव, काका जी, भागवत यादव, सुशील ताम्रकार, छोटेलाल मेश्राम, प्रदीप देवांगन, संजय जयसवाल, अखिलेश यादव, राम प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र, संजय यादव, संतोष साहू, सीताराम देशमुख,मनोहर यादव, शत्रुघ्न पटेल, संतोष सिन्हा,हरेंद्र यादव, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, स्व गोपाल यादव, अशोक देवांगन, संजू यादव,मोहन शास्त्री, श्रीमती अंजू सिंह राजपूत, गोपाल सिन्हा,दिग्विजय श्रीवास्तव, रवि कुंजाम एवं केजऊ वर्मा शामिल है।समापन समारोह में प्रमुख रूप से राजनांदगाँव के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों मे छत्तीसगढ़ हॉकी के जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अजय झा, प्रकाश शर्मा, नीलम चंद जैन, भूषण साव, दिग्विजय स्टेडियम के प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत यादव, अशोक नागवंशी,भूषण साव, अनुराज श्रीवास्तव, पीयूष वर्मा, जावेद खान,दीपक यादव,योगेश द्विवेदी, तुलसी सिन्हा, पीताम्बर साहू, नरेश साहू ,विकाश वैष्णव, हारुन खान, दीपेश चौबे एवं आशीष सिन्हा की उपस्थिती रही।

## शक्तिधाम परिवार ने किया चिखली मुक्तिधाम में वृहद वृक्षारोपण

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** शक्तिधाम महाकाली मंदिर की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा गुरुदेव हरीश यादव के



सानिध्य में शीतल छाया प्रदान करने वाले नीम, पीपल, करण, बादाम जैसे 21 पौधों का चिखली मुक्तिधाम परिसर में रोपण किया गया। वृक्ष लगाओ-पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत आज शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर बाबुटोला की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा आज चिखली स्थित मुक्तिधाम में पौधारोपण किया गया, जहां गुरुदेव हरीश यादव की अगुवाई में शीतल छाया प्रदान करने वाले नीम, पीपल, करण, बादाम जैसे लगभग 25 पेड़ लगाए गए। श्री यादव ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक रविवार को अलग-अलग वार्डों में चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति में जितने भी सदस्य है, सभी शहर के अधिकतम अलग-अलग वार्डो से है, हमारी संस्था सभी वार्डो में वृक्षारोपण कर उस वार्ड के सदस्य को इसके संरक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि पौधों की सही देखभाल हो सके। इस अवसर पर शक्तिधाम के अखिलेश बंजारा, किशन चौरसिया, भोज वर्मा, भगवती निषाद, प्रशांत वर्मा, चंद्रेश साहू, भैरव यादव, लव यादव, बिट्टू रामटेके, राकेश देवांगन, लोकेश सिन्हा, शेखर दुरुगकर, अजय यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आवश्यक सूचना

18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा-युति को अपने काम, पढ़ाई के साथ बिना जॉब किए जरूरत से ज्यादा बड़ी इंकम, पद और डिग्री तीनों एक साथ बनाना सीखाया जाता हैं:



एडमिशन ओपन फॉर ऑल...

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे हरि ऊँ नगर

ऋषि कुंज, राजनांदगांव, मो. 9425554092

## बंजारी सड़क पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य जनता ने कहा — शुक्रिया नांदगांव टाइम्स!



**डोंगरगांव ( गैंदाटोला ) ( नांदगांव टाइम्स )।** कुमरदा से गैंदाटोला होते हुए बंजारी तक की बदहाल सड़क को लेकर नांदगांव टाइम्स में प्रकाशित विशेष रिपोर्ट का बड़ा असर हुआ है। खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और अब सड़क मरम्मत कार्य तेज़ी से जारी है।

**नांदगांव टाइम्स का असर**

पिछले दिनों नांदगांव टाइम्स ने सड़क की जर्जर हालत, उसमें बने गहरे गड्ढों और उससे क्षेत्रीय जनजीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को प्रमुखता से उजागर किया था। खबर सामने आने के तुरंत बाद संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन सक्रिय हो गए। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव ने खुद संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से चर्चा की और मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करवाने में निर्णायक भूमिका निभाई। वर्तमान में सड़क पर गड्ढों को भरा जा रहा है, लेवलिंग और किनारों की मरम्मत का कार्य भी तेज़ी से जारी है। यह काम बारिश के पहले शुरू होना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत की बात है। यह सड़क केवल गैंदाटोला ही नहीं, बल्कि आसपास के अनेक गांवों को जोड़ती है और कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा व व्यापारिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों की वर्षों से टू-लेन सड़क की मांग रही है, और अब उन्हें उम्मीद है कि शासन स्तर पर भी जल्द इस दिशा में ठोस पहल होगी। ग्रामीणों ने नांदगांव टाइम्स और पत्रकार घनश्याम साव का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि, जब तक हम शिकायत करते रहे, कोई सुनवाई नहीं हुई।



लेकिन जब नांदगांव टाइम्स ने हमारी आवाज़ उठाई, तभी प्रशासन जागा। अब हमें विश्वास है कि हमारी समस्याएं भी हल होंगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह खबर सिर्फ एक सड़क की मरम्मत नहीं, बल्कि उस ज़मीनी पत्रकारिता का प्रमाण है जो जनता की सच्ची आवाज़ बनती है। जब खबर मुख्यमंत्री और ज़िला प्रशासन तक पहुँची, तो बात सिर्फमुद्दा नहीं, बदलाव बन गई।

## पुरखौती परंपरा संग नवागत पीढ़ी के भेंट के उदिम

### लोक नाटक भरथरी के मंचन की श्रृंखला मंगलवार से




**रायपुर(** राज्य शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से बारुका गरियाबंद की संस्था रंग सरोवर द्वारा लोक नाट्य भरथरी वैराग्य की गाथा का मंचन राजधानी रायपुर के रंग मंदिर में 10 और 11 जून को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोनों दिन शाम 7 बजे शुरू होगा। छत्तीसगढ़ की सिद्धहस्त भरथरी गायिका स्वर्गीय सुरुज बाई खांडे की 76 वीं जयंती पर उनके पुण्य स्मरण के तौर पर इसका मंचन किया जा रहा है भरथरी नाटक का आलेख, गीत, संगीत और निर्देशन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी श्री भूपेंद्र साहू ने किया है। इस लोक नाटक की प्रस्तुति कला मंदिर भिलाई में 12 और 13 जून, गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में 14 और 15 जून तथा जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में 16 जून को होगी।

## आज सीएम गोडलवाही में हल्बा समाज के स्थापना दिवस पर आयेंगे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम गोडलवाही में 9 जून को सीएम विष्णु देव साय हल्बा समाज के स्थापना दिवस पर पहुंचकर शहीद गैंदसिंह नायक के स्मारक का लोकार्पण एवं आदिवासी समाज के उत्कृष्ट अंक लाने वाले प्रतिभावन छात्रों का सम्मान किया जाएगा। क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भूआर्य ने उकताशय की जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्मित आदिवासी बालक छात्रावास लागत 1.52 करोड़ एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लागत 1.21 करोड़ एवं शहीद गैंदसिंह नायक स्मारक लागत 14.62 लाख का लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**शहीद गैंदसिंह नायक के स्मारक का लोकार्पण एवं आदिवासी समाज के प्रतिभावन छात्रों का सम्मान**

के हाथों होगा । इसके अलावा गोडलवाही में पूर्व माध्यमिक शाला अतिरिक्त भवन लागत 8.07 लाख, प्राथमिक शाला अतिरिक्त 8.07 लाख एवं सामुदायिक भवन 5 लाख रुपए लागत का भी लोकार्पण किया जाएगा। ग्रामीणों की प्रमुख मांगे शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का नाम नगीना देवी हायर सेकेंडरी स्कूल करने गोडललवाही में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने प्रमुख है। जिला पंचायत के सभापति गोपाल सिंह भूआर्य सहित ग्रामीणों का कहना है कि किसानों को कृषि कार्य के लेनदेन करने 20 किलोमीटर खुज्जी जाना पड़ता है। ग्राम गोडलवाही में कॉलेज खोलने की मांग ग्रामीणों द्वारा सीएम से किया जाएगा हायर सेकेंडरी एवं नवनिर्मित छात्रावास भवन तक सीसी रोड निर्माण , छात्रावास भवन के सामने आहाता निर्माण , शहीद गैंदसिंह नायक के स्मारक स्थल के पास मंगल भवन एवं सामने मैदान का समतली कारण कर आहाता एवं तार फैशिंग करने प्रमुख है ।

**अवैध शराब बिक्री की शिकायत करेंगे ग्रामीण**

गोडलवाही के आस पास उमरवाही के जनकपुर रोड पर स्थित अमलीपारा, बड़गांव एवं देव बावली चौक पर लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री कोचियों द्वारा की जा रही है । ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब बिक्री को बंद कराने आबकारी एवं पुलिस से करने के बावजूद क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री बंद नहीं हुआ है जिसमें ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों में काफी जनाक्रोश देखा जा रहा है इसकी शिकायत ग्रामीण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करेंगे ।

**उमरवाही में जूनियर प्राचार्य बनने का मामला भी उठाया जाएगा**

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल उमरवाही में लंबे समय से जूनियर के प्राचार्य एवं आहरण संवितरण अधिकारी (डीडीओ) बनने के मामले की शिकायत करने की तैयारी ग्रामीणों द्वारा की जा रही है । उमरवाही स्कूल में दो सीनियर व्याख्याता के होते हुए जूनियर व्याख्याता विजय कुमार ध्रुवे प्रभारी प्राचार्य का पदभार संभाल रहा है ध्रुवे के अलावा बरसन गंधर्व एवं ईश्वर लाल यादव सीनियर शिक्षक है । पूर्व में व्याख्याता बरसन गंधर्व प्राचार्य का पद पर था उन्हें हटाकर विजय ध्रुवे प्रभारी प्राचार्य बन गया है जो जांच का विषय है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com